दिनांक-17दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

अवैध रूप से किए जा रहे प्लाटिंग पर निगम की सख्त कार्यवाही, जोन 1 एवं जोन 2 के क्षेत्रों में हुई कार्रवाई

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई के कुरूद एवं कोहका क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से प्लाटिंग किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर जोन क्रमांक 02 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुरूद, रुंगटा कॉलेज के पीछे नाला के समीप अनाधिकृत रूप से निर्माण किए गए मार्ग संरचना को जेसीबी से हटाकर मूल स्वरूप में तब्दील करने की कार्यवाही की गई साथ ही लगाए गए सीमेंट पोल को हटाया गया तथा 4 हाइवा मुरूम भी मौके से जप्त किया गया। इसी प्रकार जोन क्रमांक 1 अंतर्गत आने वाले कोहका आर्य नगर क्षेत्र में डीपीसी लेबल तक किए गए निर्माण को दो जेसीबी से ध्वस्त किया गया। जोन के राजस्व अधिकारी ने बताया कि आर्य नगर कोहका क्षेत्र में लगभग 20 प्लाट में दो ईटों के उपयोग से कच्ची दीवार का निर्माण किया गया था जिसे जेसीबी द्वारा ध्वस्त किया गया! निगम भिलाई द्वारा पूर्व में भी कई दफा अवैध निर्माणकर्ता, अवैध रूप से प्लाटिंग पर लगाम कसने हेतु कार्यवाही की जाती रही है एवं कुरूद क्षेत्र में ही इसी प्रकार की कार्यवाही पूर्व में भी की गई है परंतु अवैध प्लाटिंग करने वाले बाज नहीं आ रहे है।

जल है तो कल है

जल ही जीवन है !

जनसंपर्क अधिकारी